# 4859 स्थानों पर 2.85 लाख से ज्यादा लोगों ने किया योगाभ्यास

## अन्तर्राष्ट्रीय योग दिवस पर जयपुर में दिखा योग को लेकर आमजन में उत्साह


**जयपुर** (कासं)। 11वें अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस पर जयपुर जिले में आमजन का योग को लेकर काफी उत्साह देखने को मिला। जयपुर के 4 हजार 859 स्थानों पर 2 लाख 85 हजार 470 लोगों ने योगाभ्यास किया।

मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा के निर्देशों की अनुपालना में कार्यक्रम का आयोजन जयपुर के पर्यटन एवं धार्मिक महत्व के स्थानों पर किया गया। इसी क्रम में सवाई मानसिंह स्टेडियम,

■ **मुख्य समारोह एसएमएस स्टेडियम में हुआ, जहां राजनेता, अफसर और आमजन की भागीदारी रही**

अल्बर्ट हॉल, पत्रिका गेट, श्री गलता जी मंदिर, जलमहल, हवामहल, बिड़ला मंदिर, सेन्ट्रल पार्क, सिटी पार्क, आमेर फोर्ट, गोविन्द देव जी मंदिर जयगढ एवं सिटी पैलेस ऐसे 13 स्थानों पर योगाभ्यास कार्यक्रम आयोजित किया गया, जिसमें लगभग 16000 प्रतिभागियों ने एकसाथ एक ही समय पर कॉमन योगा प्रोटोकॉल के अनुसार योगाभ्यास किया। सभी 13 स्थानों पर अलग-अलग मुख्य अतिथियों ने क्रार्यक्रम को प्रारंभ करवाया एवं योगाभ्यास के अंत में सभी प्रतिभागियों को संकल्प दिलवाया।

जयपुर शहर का मुख्य समारोह सवाई मानसिंह स्टेडियम में आयोजित किया गया, जिसमें मुख्य अतिथि महामहिम राज्यपाल महोदय हरिभाऊ किशनराव बागडे, उप मुख्यमंत्री डॉ. प्रेमचन्द बैरवा, संसदीय कार्य मंत्री जोगाराम पटेल, जयपुर सांसद मंजू शर्मा, विधायक गोपाल शर्मा, राजस्थान में योगा ब्रांड



**अन्तर्राष्ट्रीय योग दिवस पर शनिवार को सवाई मानसिंह स्टेडियम में हजारों लोगों ने एक साथ योगाभ्यास किया।**

एम्बेसडर डॉ. सौम्या गुर्जर, राज्यसभा सांसद श्री मदन राठौड, मुख्य सचिव, सुधांशु पंत एवं आयुष सचिव, भवानी सिंह देथा, जिला कलेक्टर जितेन्द्र सोनी के साथ राजनेता, प्रशासनिक अधिकारी, विभिन्न संगठनों एवं संस्थाओं के कार्यकर्ता तथा गणमान्य नागरिक सम्मिलित हुए। कार्यक्रम का शुभारंभ राज्यपाल महोदय के द्वारा दीप प्रज्वलित कर किया गया। उप मुख्यमंत्री डॉ. प्रेमचन्द बैरवा के द्वारा राज्यपाल महोदय का स्वागत किया गया। योगाभ्यास कार्यक्रम का संचालन क्रीड़ा भारती के मेघ सिंह एवं पतंजलि के कुलभूषण बैराठी द्वारा किया गया।

वहीं 11वें अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर हरिश्चन्द्र माथुर राजस्थान राज्य लोक प्रशासन संस्थान (ओ.टी.एस.), जयपुर में अधिकारियों, कर्मचारियों एवं प्रशिक्षु अधिकारियों द्वारा योगाभ्यास कर योग दिवस को हर्षोल्लासपूर्वक मनाया गया। इस अवसर पर भगवत सिंह मेहता सभागार में संस्थान की महानिदेशक श्रेया गुहा ने द्वीप प्रज्जवलित कर योग दिवस समारोह का शुभारम्भ किया। इसके पश्चात राष्ट्रीय स्तर पर प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी द्वारा योग दिवस के संदेश से लाइव प्रसारण में भागीदारी की गई।

संस्थान की महानिदेशक श्रेया गुहा ने बताया गया कि हरिश्चन्द्र माथुर राजस्थान राज्य लोक प्रशासन संस्थान में प्रत्येक वर्ष की भांति योग दिवस के मूल मंत्र योगाभ्यास द्वारा शरीर, मन, मनुष्य और प्रकृति की समरसता की मूल भावना को दृष्टिगत रखते योगाभ्यास किया गया। इस कार्यक्रम में आयुष मंत्रालय द्वारा योग प्रोटोकॉल की पालना में विभिन्न योगासन श्रीमती निशा वी. सिंह द्वारा करवाये गये।

# राजस्थान में पर्यटन को नई उडान देने की तैयारी

## तीज उत्सव होगा इस बार और भी भव्य, शिल्पग्राम के पुनर्विकास की बनेगी उत्कृष्ट कार्ययोजना : दिया कुमारी

**जयपुर** । उपमुख्यमंत्री दिया कुमारी की अध्यक्षता में शनिवार को शासन सचिवालय, जयपुर में पर्यटन विभाग से जुड़े विभिन्न विषयों पर एक महत्वपूर्ण समीक्षा बैठक आयोजित हुई। इस बैठक में तीज महोत्सव, शिल्पग्राम का पुनर्विकास, जमवाय माता मंदिर क्षेत्र का विकास, तथा राजस्थान के ऐतिहासिक स्मारकों के संरक्षण से जुडे मुद्दों पर विस्तार से चर्चा हुई।

उपमुख्यमंत्री ने निर्देश दिए कि इस बार तीज उत्सव को दो दिवसीय कार्यक्रम के रूप में और अधिक भव्यता से मनाया जाए, ताकि राज्य की सांस्कृतिक विरासत को वैश्विक मंच पर और भी मजबूती से प्रस्तुत किया जा सके।

उन्होंने जवाहर कला केन्द्र परिसर स्थित शिल्पग्राम के पुनर्विकास को लेकर एक उत्कृष्ट कार्ययोजना बनाने के निर्देश दिए, जिससे वहाँ के कलाकारों को वर्ष भर कला प्रदर्शन के अवसर मिल सकें और उनकी आजीविका को स्थायित्व मिले। शिल्पग्राम को एक जीवंत सांस्कृतिक केंद्र के रूप में विकसित करने की दिशा में यह अहम कदम माना जा रहा है। उपमुख्यमंत्री ने निर्देश दिए हैं कि, तीज उत्सव को इस वर्ष दो दिवसीय और अधिक भव्य स्वरूप में आयोजित किया जाएगा।

शिल्पग्राम के पुनर्विकास की योजना में कलाकारों को केंद्र में रखकर एक दीर्घकालिक विज़न तैयार किया जाएगा। जमवाय माता मंदिर क्षेत्र के विकास कार्यों में प्रगति लाई जाएगी। बावड़ियों एवं अन्य ऐतिहासिक स्मारकों के जीर्णोद्धार हेतु विशेषज्ञ संरक्षणविदों की सेवाएँ ली जाएँगी। भारत सरकार की सास्की योजना के अंतर्गत स्वीकृत आमेर-नाहरगढ व जलमहल के विकास कार्यों की समयबद्ध क्रियान्विति सुनिश्चित की जाएगी।



**उपमुख्यमंत्री दिया कुमारी ने शनिवार को सचिवालय में पर्यटन विभाग से जुड़े विभिन्न मुद्दों पर समीक्षा बैठक ली।**

■ **बैठक में जमवाय माता मंदिर क्षेत्र का विकास तथा राजस्थान के ऐतिहासिक स्मारकों के संरक्षण से जुड़े मुद्दों पर भी चर्चा हुई**

बैठक में उपमुख्यमंत्री ने कहा कि, राजस्थान की संस्कृति, कला और विरासत राज्य की पहचान है। हमें पर्यटन विकास के साथ-साथ सांस्कृतिक संवर्धन पर विशेष ध्यान देना होगा ताकि आने वाली पीढ़ियों को अपनी जडों से जोड़कर रखा जा सके।

बैठक में संयुक्त निदेशक पर्यटन (विकास) राजेश शर्मा, विशेषाधिकारी ललित कुमार, अतिरिक्त महानिदेशक (जवाहर कला केन्द्र) अलका मीणा, संयुक्त निदेशक (मेले-त्योहार) पुनीता सिंह और उप निदेशक पर्यटन उपेन्द्र सिंह शेखावत सहित अन्य अधिकारी उपस्थित रहे।

## 'एक पृथ्वी-एक स्वास्थ्य' की थीम पर योग दिवस



**पीजीएमटीडी कार्यालय के सभागार में 11 वाँ अन्तर्राष्ट्रीय योग दिवस मनाया गया।**

**जयपुर** । जयपुर में पीजीएमटीडी कार्यालय के सभागार में 11 वाँ अन्तर्राष्ट्रीय योग दिवस मनाया गया। "एक पृथ्वी एक स्वास्थ्य के लिए योग" की थीम पर हुए इस कार्यक्रम में योग गुरु डॉक्टर पूनम करवा ने बीएसएनएल अधिकारियों व कर्मचारियों को प्रार्थना आसन, प्राणायाम करवाये और ब्रह्मकुमारी विश्वविद्यालय की बहन अनमोल ने ध्यान, मैडिटेशन करवाये।

इस अवसर पर मुख्य महाप्रबंधक बीएसएनएल राजस्थान परिमंडल विक्रम मालवीय ने सभी अधिकारियो एवं कर्मचारियों को अन्तर्राष्ट्रीय योग दिवस की बधाई दी तथा आमंत्रित अतिथि योगाचार्य डॉक्टर पूनम करवा एवं बहन अनमोल का स्वागत किया। विक्रम मालवीय ने अपने सम्बोधन में मानवीय जीवन में योग के महत्व पर प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि योग का मतलब एक संधि है, एक जोड़ है, मनुष्य का प्रकृति के साथ एकाकार होना ही योग है। हमें प्रकृति का संरक्षण करना चाहिए तथा योग और ध्यान पर जोर देते हुए शारीरिक तथा मानसिक रूप से खुद को मजबूत बनाना चाहिए। अपना आंतरिक विश्लेषण करें तथा ईश्वर में आस्था रखते हुए अपना जीवन उन्नत करना चाहिए। उन्होंने ऑफिस के लिए योग एप्प के इस्तेमाल पर भी जोर दिया। कार्यक्रम के अंत में वरिष्ठ महाप्रबंधक (प्रशासन एवं एच आर ) अखलेश अग्रवाल ने उपस्थित सभी अधिकारियो एवं कार्मिको का कार्यक्रम के सफल आयोजन के लिए धन्यवाद ज्ञापित किया। कार्यक्रम में प्रधान महाप्रबंधक दूरसंचार जिला जयपुर निधि माथुर, प्रधान महाप्रबंधक सुभाष चंद्र अग्रवाल, प्रधान महाप्रबंधक जी.सी.मीना, महाप्रबंधक एम.सी.मीना, ओ पी जांगिड़ सहित कई वरिष्ठ अधिकारिगण एवं कार्मिक उपस्थित थे। जनसंपर्क अधिकारी विकास चंदेलिया ने बताया कि अन्तर्राष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर बीएसएनएल ने ओरिगेनो लाइफ प्राइवेट लिमिटेड के सौजन्य से एक आयुर्वेद शिविर का भी आयोजन किया, जिसमें आयुर्वेद डॉक्टर जगदीश प्रसाद कुमावत एवं डॉक्टर अमित शर्मा ने कार्मिको का स्वास्थ्य परीक्षण कर उपचार बताये।

# एंटी गैंगस्टर टास्क फोर्स ने डेढ़ करोड़ रुपए का अफीम डोडा-पोस्त पकड़ा

## चाकसू क्षेत्र में 50 कट्टों में भरे 1016.65 किलो अफीम डोडा पोस्त के साथ ट्रक कन्टेनर जब्त

**जयपुर** (कासं)। स्टेट क्राइम ब्रांच की एंटी-गैंगस्टर टास्क फोर्स (एजीटीएफ) ने चाकसू थाना इलाके में कार्रवाई करते हुए एक टन से अधिक अवैध डोडा पोस्त जब्त कर एक बड़े अंतरराज्यीय तस्करी नेटवर्क पर गहरा प्रहार किया है। जब्त मादक पदार्थ की कीमत करीब डेढ़ करोड़ रुपए की गई है। टीम ने 50 कट्टों में भरा 1016.65 किलो अफीम डोडा पोस्त सहित ट्रक कंटेनर जब्त कर जांच पड़ताल में जुटी है।

अतिरिक्त पुलिस महानिदेशक दिनेश एमएन ने बताया कि को एजीटीएफ टीम को खुफिया जानकारी मिली थी कि कोटा से जयपुर की ओर आ रहे एक ट्रक कंटेनर में भारी मात्रा में प्रतिबंधित डोडा पोस्त छिपा कर जयपुर की तरफ लाया जा रहा है। जिस पर एजीटीएफ की टीम ने चाकसू बाईपास पर रामपुरा नाला के पास जगन्नाथ यूनिवर्सिटी के सामने विलियम का मोबाइल नंबर ट्रक कंटेनर को इंटरसेप्ट करने का प्रयास किया। लेकिन पुलिस को देखते ही शातिर चालक मौके पर ही वाहन छोड़कर भागने लगा। टीम ने तुरंत उसका पीछा किया, लेकिन मौके पर हो रही भारी बारिश का फायदा उठाकर भागने में कामयाब रहा। उसकी तलाश में सघन अभियान जारी है।

एजीटीएफ की सूचना पर चाकसू पुलिस टीम तुरंत मौके पर पहुंची। जिन्होंने लावारिस ट्रक कंटेनर को अपने कब्जे में लिया और उसकी सावधानीपूर्वक तलाशी ली। ट्रक के केबिन से चालक कपिल देव निवासी हिंगोनिया जोधियासी नागौर से संबंधित पहचान पत्र और वाहन के अन्य महत्वपूर्ण दस्तावेज बरामद हुए। वहीं जब्त कंटेनर के पिछले हिस्से को खोला गया तो अंदर 50 बड़े प्लास्टिक के कट्टे ठसाठस भरे हुए मिले। जिनमें भारी मात्रा में उच्च गुणवत्ता का अवैध डोडा पोस्त पाया गया। इलेक्ट्रॉनिक कांटे से वजन करने पर जब्त डोडा पोस्त की कुल मात्रा 1016.65 किलोग्राम दर्ज की गई। यह विशाल खेप अवैध बिक्री और वितरण के लिए ले जाई जा रही थी। इस शानदार सफलता के पीछे इंस्पेक्टर राम सिंह के नेतृत्व में एजीटीएफ टीम की अथक मेहनत और सटीक खुफिया जानकारी जुटाने का हाथ है। कार्रवाई



में हेड कांस्टेबल हेड कांस्टेबल महेश सोमरा एवं महावीर सिंह शेखावत की विशेष भूमिका और कांस्टेबल सोहन देव व देवेंद्र सिंह का तकनीकी सहयोग रहा। टीम सदस्य एसआई प्रताप सिंह, एएसआई बनवारी लाल शर्मा, हेड कांस्टेबल हेमंत शर्मा, कांस्टेबल जितेंद्र कुमार, गंगाराम गोपाल धाभाई, विजय सिंह एवं चालक दिनेश शर्मा का सराहनीय योगदान रहा। थाना चाकसू से एसएचओ मनोहर लाल सहित उप निरीक्षक राजेंद्र सिंह, कांस्टेबल ओमप्रकाश, जगदीश, बाबूलाल, कांस्टेबल चालक शिवजी लाल शामिल थे।

साथ ही चाकसू पुलिस ने एनडीपीएस अधिनियम के तहत मामला दर्ज कर लिया है और फरार चालक कपिल देव की गिरफ्तारी के लिए व्यापक स्तर पर दबिश दी जा रही है। जब्त किए गए डोडा पोस्त और ट्रक कंटेनर को नियमानुसार मालखाने में सुरक्षित रखा गया है। इस मामले की आगे की जांच पुलिस निरीक्षक एसएचओ कोटखावदा भरत मेहर को सौंपी गई है।

## झोटवाड़ा में सड़क सीमा में दुकान और मकान तोड़े

-कार्यालय संवाददाता-

**जयपुर** । जयपुर विकास प्राधिकरण के प्रवर्तन दस्ते ने शनिवार सुबह झोटवाड़ा क्षेत्र में बोरिंग चौराहे से कांटा-पंखा चौराहे तक सड़क सीमा में आ रहे मकान, दुकान, टीन-शैड, चबूतरे और सीढ़ियों समेत तमाम अतिक्रमणों को ध्वस्त किया। इस दौरान मौके पर लोगों के विरोध की आशंका के चलते मुख्य मार्ग को दोनों तरफ से बंद रखा गया।

वैसे तो कालवाड़ रोड पर झोटवाड़ा स्थित लता सर्किल से लेकर करधनी-हाथोज तक मुख्य सड़क मार्ग पर अवैध कब्जे हो रहे हैं, परंतु जेडीए प्रशासन अपनी कार्रवाई सिर्फ यही तक सीमित रख रहा है। कालवाड रोड पर 200 फीट पुलिया से लेकर हाथोज बस स्टैंड तक मुख्य सड़क कहने को तो 160 फीट चौड़ी है, परंतु सड़क पर दुकानदारों के अतिक्रमण, अवैध थड़ी-ठेलो, होर्डिंग्स, पोस्टर-बैनर और अन्य अतिक्रमणों के कारण मुख्य सड़क पर मात्र 30 फीट भी जगह नहीं बच रही।

## 'पहली बारिश में डूबी निगम की कार्यशैली'

**जयपुर** । जयपुर में मानसून की पहली ही बारिश ने नगर निगम और संबंधित एजेंसियों की पोल खोलकर रख दी है। शहरभर में जगह-जगह जलभराव, टूटी सड़कों और जानलेवा गड्ढों ने साबित कर दिया है कि निगम में किस स्तर तक भ्रष्टाचार और लापरवाही व्याप्त है। नगर निगम जयपुर में पूर्व नेता प्रतिपक्ष गिरिराज खंडेलवाल ने आज निगम की कार्य शैली पर प्रश्न चिह्न लगाते हुए कहा कि सिर्फ एक बारिश ने राजधानी जयपुर की सच्चाई सामने रख दी है। करोड़ों रुपये के दावे और बजट के बावजूद नालों की सफाई समय पर नहीं हुई, सड़कें समय रहते दुरुस्त नहीं की गईं, और पूरा शहर खुदाई का शिकार है।

## सार-समाचार

### माइंडरी की महिलाओं ने थामी योग की डोर




**जयपुर** । अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस पर, वेलनेस स्टार्टअप माइंडरी ने "एक पृथ्वी, एक स्वास्थ्य" की थीम पर आधारित एक प्रभावशाली महिला-नेतृत्व वाली राष्ट्रव्यापी मुहिम की शुरुआत की। गुरुग्राम और बेंगलुरु के ऊँचे कॉर्पोरेट टावरों से लेकर रायपुर, जबलपुर और मदुरै जैसे उभरते वर्कस्पेस तक-यह पहल टियर 1 से लेकर टियर 3 शहरों और अंतरराष्ट्रीय टीमों तक पहुंची। सेशंस में चेयर योगा, पावर योगा, गेमीफाइड एक्सरसाइज़ और वर्कडे में फिट बैठने वाले स्ट्रेस रिलीफ टूल्स को शामिल किया गया। इस साल की खास बात यह रही कि माइंडरी ने योग को केवल एक शारीरिक अभ्यास के रूप में नहीं, बल्कि जीवन के एक समग्र दृष्टिकोण के रूप में मनाया। इस अभियान में आर्ट थैरेपी, न्यूट्रिशन और मानसिक स्वास्थ्य जैसे विषयों पर सेशंस भी शामिल रहे-जिन्होंने कर्मचारियों को रचनात्मकता से जुड़ने, भोजन अपनाने और भावनात्मक संतुलन विकसित करने के लिए प्रेरित किया। इस अभियान में विभिन्न शहरों और टाइम ज़ोन्स से ज़ोरदार भागीदारी देखी गई-यह साबित करते हुए कि जब वेलनेस को सहज और प्रेरणादायक तरीके से प्रस्तुत किया जाए, तो वह सीमाओं से परे पहुंच सकता है। यह पहल एक समावेशी, व्यावहारिक और स्थायी कर्मचारी वेलनेस टूल के रूप में योग के महत्व को फिर से स्थापित करती है-चाहे वह बोर्डरूम हो, ब्रेकरूम या वर्चुअल ऑफिस।

### जयपुर मेट्रो में योग शिविर का आयोजन

**जयपुर** । 11वें अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर जयपुर मेट्रो रेल कारपोरेशन लिमिटेड के मेट्रो डिपो स्थित परिसर में योग शिविर का आयोजन किया गया, जिसमें महेश भुराडिया, (निदेशक, कंपनी मामलात), ओमप्रकाश, (निदेशक, परिचालन एवं प्रणाली), मेट्रो पुलिस एवं मेट्रो कार्मिकों ने एकत्र होकर योगाभ्यास किया। इस योग शिविर कार्यक्रम में योग के महत्व के बारे में बताते हुए योग की विभिन्न मुद्राओं, विधियों व आसनों का अभ्यास योग प्रशिक्षक मुस्कान व सपना द्वारा करवाया गया। उन्होंने बताया कि योग शारीरिक और मानसिक सेहत के लिए बेहद फायदेमंद है, यह शरीर को न केवल रोगमुक्त रखता है बल्कि मन को भी शांत करने में मदद करता है। अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर अध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक, वैभव गालरिया ने योग शिविर का आयोजन सफलतापूर्वक संम्पन्न करवाने के लिए सभी को बधाई दी और बताया कि सेहत के साथ ही योग मानसिक शांति और एकाग्रता के लिए महत्वपूर्ण है, इसलिए सभी को स्वस्थ व निरोग रहने के लिए योग को दिनचर्या में शामिल करना चाहिए।

### जयपुर में एक परीक्षा केन्द्र में संशोधन

जयपुर । राजस्थान लोक सेवा आयोग ने 23 जून सोमवार को आयोजित होने वाली प्राध्यापक एवं कोच प्रतियोगी परीक्षा- 2025 (माध्यमिक शिक्षा विभाग) के ग्रुप 'ए' की सामान्य ज्ञान परीक्षा हेतु जयपुर शहर के एक परीक्षा केंद्र में संशोधन किया है। अतिरिक्त कलक्टर गोपाल सिंह शेखावत ने बताया कि राजस्थान लोक सेवा आयोग ने जयपुर शहर के केंद्र संख्या (16-877) में बदलाव करते हुए रोल नंबर 1196460 से 1196939 तक अभ्यर्थियों का परीक्षा केंद्र भारती विद्या निकेतन, सीनियर सैकेंडरी स्कूल 21, पुराने तेजाजी मंदिर के पास, सोडाला जयपुर के स्थान पर केंद्र संख्या (16-0132) रावत सीनियर सैकेंडरी स्कूल, विंग-1, विवेक विहार, मेट्रो पीलर नंबर-86 के पास, न्यू सांगानेरी रोड, सोडाला जयपुर को परीक्षा केंद्र बनाया है। आयोग द्वारा परीक्षा केंद्र परिवर्तन की सूचना संबंधित अभ्यर्थियों को प्रेषित कर दी गई है। इस परीक्षा केंद्र के संबंधित परीक्षार्थियों को नवीन प्रवेश-पत्र डाउनलोड कर परीक्षा 21 जून को निर्धारित समय पर परीक्षा केंद्र पर उपस्थित होना होगा।

### मौसमी बीमारियों की रोकथाम पर चर्चा

**जयपुर** । जयपुर जिला कलेक्ट्रेट सभागार में शनिवार को कलेक्टर डॉ. जितेन्द्र कुमार सोनी की अध्यक्षता में आयोजित जिला स्वास्थ्य समिति की बैठक में विभिन्न स्वास्थ्य कार्यक्रमों और योजनाओं की समीक्षा की गई। मौसमी बीमारियों की समीक्षा: जिला कलेक्टर ने मौसमी बीमारियों की रोकथाम और नियंत्रण के लिए प्रभावी कार्य योजना बनाने के निर्देश दिए। आईएचआईपी पोर्टल पर एंट्री के लिए निर्देशित किया गया। कोविड से बचाव व रोकथाम के निर्देश दिए गए। एमएनडीवाई और एमएनजेवाई की समीक्षा: मुख्यमंत्री निःशुल्क दवा योजना (एमएनडीवाई) और मुख्यमंत्री निःशुल्क जांच योजना (एमएनजेवाई) की समीक्षा की गई और इन योजनाओं के तहत मिलने वाली दवाओं और जांचों की गुणवत्ता में सुधार करने के निर्देश दिए गए। मुख्यमंत्री आयुष्मान आरोग्य योजना की समीक्षा: मुख्यमंत्री आयुष्मान आरोग्य योजना के तहत मिलने वाली स्वास्थ्य सेवाओं की समीक्षा की गई और अधिक से अधिक लोगों को इस योजना का लाभ दिलाने के निर्देश दिए गए। आयुष्मान कार्ड इ-केवाईसी व वितरण संबंधित निर्देश दिए।


# राजस्थान को 1000 मेगावाट ऑवर की बैटरी ऊर्जा भंडारण प्रणाली के लिए पुनः न्यूनतम टैरिफ मिली

## बैटरी एनर्जी स्टोरेज सिस्टम विकसित करने में राजस्थान, पूरे देश का अग्रणी राज्य : ऊर्जा मंत्री

-कार्यालय संवाददाता-

**जयपुर** । ऊर्जा भंडारण क्षेत्र में एक और सफलता के रूप में राजस्थान में एनटीपीसी विद्युत व्यापार निगम (एनवीवीएन) के माध्यम से भी वीजीएफ सहित 1 हजार मेगावाट ऑवर्स बैटरी ऊर्जा भंडारण परियोजना की स्थापना के लिए पुनः देश में अब तक की सबसे कम टैरिफ प्राप्त हुई है। एनवीवीएन के माध्यम से हाल ही में आयोजित 1000 मेगावाट ऑवर की बीईएसएस क्षमता की प्रतिस्पर्धात्मक बोली प्रक्रिया में 2.16 लाख से 2.19 लाख प्रति मेगावाट प्रति माह की टैरिफ रेंज प्राप्त हुई है।

ऊर्जा मंत्री हीरालाल नागर ने बताया कि प्रतिस्पर्धी निविदा प्रक्रिया में सोलर 91 (100 मेगावाट ऑवर), टू आरई-ओरियाना पावर लिमिटेड (250 मेगावाट ऑवर), रेज पावर एक्सपर्ट्स प्रा. लि. (100 मेगावाट ऑवर), आइनॉक्स रिन्यूएबल सॉल्यूशंस लिमिटेड 100 मेगावाट ऑवर) और स्टोकवेल सोलर (450 मेगावाट ऑवर) आदि अग्रणी ऊर्जा कंपनियों ने भाग लेकर देश में अब तक की सबसे कम बोली लगाकर सफलता प्राप्त की है। इस परियोजना को भारत सरकार के विद्युत मंत्रालय की व्यवहार्यता अंतर निधि (वाइबिलिटी गेप फंडिंग) योजना के तहत 27 लाख प्रति मेगावाट ऑवर के वित्तीय सहयोग प्रदान किया जायेगा। वीजीएफ सहायता से इन



**ऊर्जा मंत्री हीरालाल नागर**

परियोजनाओं की वित्तीय व्यवहार्यता और प्रतिस्पर्धी टैरिफ सुनिश्चित हो सका है। राज्य में बी ई एस एस द्वारा स्टोरेज करने पर ढाई रुपए प्रति यूनिट टैरिफ दर होगी और 1हजार मेगावाट

■ **'राजस्थान में 6000 मेगावाट बीईएसएस परियोजनाओं से 6 हजार करोड़ रु. का निवेश होगा'**

की परियोजना से 10 लाख यूनिट सुबह और 10 लाख यूनिट शाम को (कुल 20 लाख यूनिट) बिजली स्टोरेज की जा सकेगी।

इस प्रकार दिन में अक्षय ऊर्जा की सस्ती बिजली लेकर बीईएसएस परियोजना में स्टोरेज करके पीक टाइम पर महंगी बिजली खरीदने की जगह 4 से 5 रुपए प्रति यूनिट की दर पर ही राज्य में आमजन के लिए बिजली का उपयोग किया जाएगा।

ऊर्जा मंत्री ने कहा कि मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा के दिशा-निर्देशन और निरंतर समर्थन से राजस्थान नवीकरणीय ऊर्जा एवं भंडारण क्षेत्र में देश का अग्रणी राज्य बन गया है। उन्होने देश में सबसे कम टैरिफ लाने पर राज्य के ऊर्जा विभाग, एनवीवीएन, नोडल विभाग राजस्थान विद्युत उत्पादन निगम और राजस्थान ऊर्जा विकास निगम के प्रबन्धन को भी बधाई दी है। ये बीईएसएस परियोजनाएँ राज्य में मार्च 2027 तक स्थापित की जाएगी और राज्य की ग्रिड स्थिरता, नवीकरणीय ऊर्जा समेकन तथा पीक डिमांड प्रबंधन में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएँगी। ऊर्जा भंडारण प्रणाली राज्य की वितरण कंपनियों को महंगी पीक आवर्स की बिजली खरीद से मुक्ति दिलाएगी।

उल्लेखनीय है कि मुख्यमंत्री के अथक प्रयासों से केन्द्रीय विद्युत मंत्रालय ने हाल ही में राजस्थान को 4 हजार मेगावाट ऑवर की बैटरी ऊर्जा भंडारण प्रणाली क्षमता का आवंटन किया गया है। इसके अतिरिक्त उत्पादन निगम द्वारा 1 हजार मेगावाट ऑवर और एनवीवीएन द्वारा 1 हजार मेगावाट ऑवर बैटरी ऊर्जा भंडारण परियोजना की स्थापना प्रक्रियाधीन हैं। इस प्रकार कुल 6 हजार मेगावाट बैटरी एनर्जी स्टोरेज सिस्टम स्थापित करने से राजस्थान में लगभग 6 हजार करोड़ का निवेश होगा।